शिशु के लिए संपूर्ण आहार होता है।

तीन दिवसीय स्टूडेंट ओरियंटेशन का शुभारंभ

गोहाना | बीपीएस महिला विवि स्थित शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र द्वारा बुधवार को तीन दिवसीय स्टूडेंट ओरियंटेशन इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष व एजुकेशन फैकल्टी की अधिष्ठाता डॉ. सुमन दलाल ने की। उनके अलावा हिसार के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनैना ने कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान देते हुए छात्राओं को प्रभावी संप्रेषण कौशल को विकसित करने के उपाय की जानकारी दी। खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक ने शिक्षा में खेल कूद के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम किस प्रकार से खेलों के माध्यम से खुद को फिट रख सकते हैं और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इस मौके पर डॉ. दिनेश, डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. अन्नू, डॉ. रीना, डॉ. सरला रानी, डॉ. अंजू बाला, डॉ. सुशीला आदि मौजूद रहे।